सूर्योदय 5:54 सूर्यास्त 6:45
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 34.0
न्यूनतम 24.2

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र   पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79)   डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21   मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in   सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-237 | शनिवार 28 अगस्त, 2021 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-षष्ठी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

अपनी जिंदगी में अगर वाकई कुछ हासिल करना है तो अपने तरीकों को बदलो, अपने इरादों को कभी नहीं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**

यदि उन्हें फैसले नहीं लेने दिए गए तो वे ईंट से ईंट बजा देंगे : नवजोत सिंह सिद्धू



किसकी ? पार्टी की या सरकार की ?.....

# रिकॉर्ड : 44 हजार से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन

मुजफ्फरनगर, २७ अगस्त (बु.)। देश व प्रदेश की सरकार वैक्सीनेशन को लेकर उत्साहित दिखाई दे रही है और सम्भवतः जल्द ही भारत वर्ष पूरे विश्व में उक्त वैक्सीनेशन को लेकर रिकॉर्ड कायम कर लेगा। शनिवार को पूरे देश में १ करोड़ से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाई गयी। इसी क्रम में अपने मुजफ्फरनगर जनपद में भी रिकॉर्डतोड़ ४४ हजार लोगों से अधिक लोगों को वैक्सीनेशन किया गया। इस क्रम में नगर के गांधी कॉलोनी बारात घर पर बनाए गए सैंटर पर रिकॉर्ड कायम करते ६५० लोगों को वैक्सीन लगाई गयी। शुक्रवार को जिले में १८ वर्ष से आयु वर्ग से अधिक के लोगों को १२८ केन्द्रों बनाकर १३६ बूथों पर कोरोना की प्रथम व दूसरी डोज लगाने के वृहद अभियान के बीच ४४०६५ लोगों का टीकाकरण किया गया, जिनमें ३७०७१ लोगों को प्रथम डोज लगाई गयी व ४१२७ लोगों को दूसरी डोज लगाई गयी। ऑनलाइन स्लॉट बुक कराकर २८६७ लोगों ने वैक्सीन लगवाई। यह भी जनपद में अब तक का सबसे अधिक टीकाकरण रहा। आज के टीकाकरण को देखते हुए लोगों ने सरकार की वाहवाही इसलिए की, क्योंकि जिस समय कोरोना की पहली लहर आई थी तो लोगों के गणित थे कि भारतवर्ष की जनसंख्या १३० करोड़ से ऊपर है, ऐसे में भारत में टीकाकरण लम्बे समय ही नहीं, बल्कि एक दशक तक चलेगा तब जाकर टीकाकरण कार्य सम्पन्न होगा, लेकिन सरकार ने वास्तव में युद्ध स्तर पर टीकाकरण कराकर साबित कर दिया कि वह देश के प्रत्येक व्यक्ति के प्रति गंभीर दिख रही है। उसी के चलते हैरान कर देने वाले आंकड़े सामने आ चुके हैं। रिकॉर्ड के मुताबिक देश में लगभग ६२ करोड़ से अधिक लोगों का टीकाकरण कराया जा चुका है, जो अपने आपमें देश की आबादी को दृष्टिगत रखते हुए बहुत बड़ी बात है। यानि देश के लगभग आधे हिस्से को सरकार टीकाकरण कराने में सफल हो चुकी है। यह सफलता वास्तव में सराहनीय है। नहीं तो अभी तक अन्य देश ही नहीं भारत के लोग भी यही कहते दिख रहे थे कि किसी भी सूरत में दस वर्षों से पहले टीकाकरण नहीं हो पाएगा, लेकिन सरकार के दृढ़ संकल्प के चलते अब ऐसा दिख रहा है कि अगले एक वर्ष में टीकाकरण का कार्य पूरी तरह से सम्पन्न करा लिया जायेगा। ऐसा भी हो सकता है कि उक्त टीकाकरण के कारण कोरोना की तीसरी लहर भी भारत के लोगों के सामने नतमस्तक हो जाए। और तीसरी लहर हवा हवाई होती दिखे। इससे भी बड़ी बात यह है कि वास्तव में देश के प्रत्येक नागरिक व समाजसेवी संस्थाओं ने इसमें अपना पूर्ण योगदान दिया है। शुक्रवार को गांधी कॉलोनीवासियों ने यह साबित कर दिया कि वह समाज के प्रति सजग हैं। उन्होंने अपने पचैंडा रोड स्थित बारातघर के बूथ पर ६५० लोगों को वैक्सीनेशन कराकर रिकार्ड बनाया। ऐसा ही जोश विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार को दिखाई दिया। सरकार के साथ–साथ समाज की सेवा करने वाले लोगों का इस कार्य में अहम योगदान इसलिए भी है कि उन्होंने सरकारी व्यवस्थाओं से अलग अपने निजी खर्च से भी अतिरिक्त व्यवस्थाएं कराई हैं, जिससे साफ जाहिर हुआ है कि आज भी भारत वर्ष के लोगों को पूरी तरह से एक दूसरे की चिंता है। कुल मिलाकर आज एक ओर जहां पूरे देश में एक करोड़ से अधिक टीके लगाकर रिकॉर्ड कायम किया गया है वहीं अपने जनपद में भी ४४ हजार से अधिक लोगों को टीका लगाकर रिकॉर्ड बनाया गया।

## कोरोना मुक्त हुआ जनपद

मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त ( बु. )। जिले में कोरोना के तेजी गिरते ग्राफ के बीच शुक्रवार को कोरोना का कोई एक्टिव केस न मिलने के साथ कई दिनों से एक संक्रमित मरीज को भी इस बीच में डिस्चार्ज कर दिया है। सीएमओ डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि जनपद में शुक्रवार को कोरोना मुक्त हो गया। इस बीच स्वास्थ्य विभाग को आरटीपीसीआर के कुल 701 लोगों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें तमाम लोगों की कोरोना जांच रिपोर्ट निगेटिव ही मिली। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक कुल 269 लोगों की कोरोना संक्रमण के चलते मौत हो चुकी है, जबकि जिले में मिले कुल 30,648 लोगों में संक्रमण की पुष्टि के बीच शुक्रवार को शेष बचे एक मरीज के डिस्चार्ज किए जाने के बाद कुल 30,379 लोगों को अब तक स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोरोना का कोई एक्टिव मरीज शेष नहीं है।

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त ( बु. )। अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के पिता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पचैंडा निवासी ऋषिपाल ने बताया कि विगत् 18 जुलाई को अज्ञात वाहन ने उसके पुत्र नीटू को टक्कर मार दी थी, जिससे नीटू गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## तांत्रिक ने किया पुलिस पर ईंटों से हमला

चरथावल, २७ अगस्त (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव नंगला राई में एक तांत्रिक को पूछताछ हेतु बुलाने गए दो पुलिसकर्मियों पर तांत्रिक ने हमलाकर दिया। तांत्रिक ने एक हैंड कांस्टेबल के सिर में ईंट मारकर हैंड कांस्टेबल को घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा घायल पुलिसकर्मी को सीएचसी में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सदर हेमंत कुमार भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश में दबिश दी, परंतु फरार तांत्रिक का कोई पता नहीं चल सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार चरथावल क्षेत्र के गांव नगला राई में ग्रामीणों की शिकायत पर एक तांत्रिक को पूछताछ हेतु बुलाने गए हिंडन पुलिस चौकी के दो पुलिसकर्मियों पर तांत्रिक ने हमलाकर दिया। तांत्रिक ने एक हैंड कांस्टेबल दीपेंद्र के सिर में ईंट मारकर हैंड कांस्टेबल को घायल कर दिया। सूचना मिलते ही चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सदर हेमंत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। पुलिस ने फरार आरोपी की तलाश में दबिश दी, परंतु तांत्रिक फरार हो गया। सीओ सदर हेमंत कुमार का कहना है कि ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई कि एक तांत्रिक लोगों से तंत्र विद्या के माध्यम से ठगी कर रहा है। उसी शिकायत पर दो पुलिसकर्मी तांत्रिक को बुलाने गए थे। उसी दौरान हैंड कांस्टेबल के सिर में ईंट मारकर हैंड कांस्टेबल को घायल कर दिया गया। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा यह तांत्रिक काफी दिनों से क्षेत्रवासियों से तंत्र विद्या के नाम पर मोटी उगाही की शिकायत मिल रही थी। पुलिस तांत्रिक का आपराधिक इतिहास भी खंगाल रही है तथा कड़ा शिकंजा कसने की तैयारी कर रही है।




## तेज बारिश के बीच पुल ढहा, कई वाहन फंसे

देहरादून, 27 अगस्त ( वार्ता ) उत्तराखंड में पिछले 72 घण्टों से हो रही लगातार बारिश के कारण विभिन्न ग्रामीण, जिला राज्य और राष्ट्रीय मार्ग अवरूद्ध हो गए हैं। ऋषिकेश–देहरादून के मध्य रानी पोखरी पर एक पुल के ढह जाने से कई वाहन फंस गये। राज्य में लगातार हो रही बारिश के बीच रानी पोखरी में शुक्रवार को पुल के बीच से टूटने से उस पर गुजर रहे कई वाहन फंस गये। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। बचाव एवं राहत दल वाहनों को निकालने में जुटे हैं। इस घटना में अभी तक किसी जनहानि की सूचना नहीं है। इससे पहले गुरुवार रात देहरादून के ही सहस्त्रधारा–मालदेवता पर्यटन स्थल के मध्य भारी बारिश से लगभग 30 मीटर सड़क बह गई। इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बन्द हो गया। आज दिन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, क्षेत्रीय विधायक उमेश शर्मा काऊ एवं जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार ने खेरी मानसिंह, बंडावली किशन पुरी का स्थलीय निरीक्षण कर भारी बारिश से हुए नुकसान का जायजा लिया। इसके साथ ही, रानीपोखरी में ऋषिकेश देहरादून सम्पर्क मार्ग पर बने जाखन नदी पुल का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर जिलाधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार ने मौके पर पहुंचकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को पुल के दोनों तरफ 24 घंटे पुलिस के जवान तैनात करने, चेतावनी बोर्ड लगाने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग एवं लोक निमार्ण विभाग के अधिकारियों को आवागमन हेतु वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने देहरादून से ऋषिकेश के लिए आने वाले वाहनों को भानियावाला से हरिद्वार–नेपाली फार्म वाले रुट से भेजने तथा ऋषिकेश



से देहरादून आने वाले वाहनों को नटराज चौक से बाईपास होते हुए नेपाली फार्म–देहरादून वाले रुट से भेजने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने आमजन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस विभाग को चौकन्ना रहते हुए पुल पर किसी भी प्रकार की आवाजाही न होने देने के निर्देश दिये हैं।

## पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर गिरफ्तार

लखनऊ 27 अगस्त ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ने का एलान करने वाले सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी अमिताभ ठाकुर को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। हजरतगंज पुलिस ने एसआईटी रिपोर्ट के आधार पर दर्ज एफआईआर के बाद पूर्व आईपीएस अधिकारी को गिरफ्तार किया। रिपोर्ट में दुष्कर्म पीड़ति को आत्महत्या के उकसाने का आरोप है। गोमतीनगर स्थित आवास से श्री ठाकुर को गिरफ्तार करने के दौरान कुछ देर तक ड्रामा चला। पूर्व अधिकारी पुलिस के चंगुल से निकलने का प्रयास करते हुये कह रहे थे कि उन्हे एफआईआर की कापी और गिरफ्तारी वारंट दिखाये जाने चाहिये। पुलिसकर्मियों को पूर्व आईपीएस को पुलिस जीप में डालने के लिये कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हजरतगंज कोतवाली में वरिष्ठ पुलिस उपनिरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बसपा सांसद अतुल राय और पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी, 167,195ए, 218, 396, 594 और 506 के तहत एफआईआर दर्ज करायी है। ठाकुर पर बलात्कार पीड़ति को आत्महत्या के लिये उकसाने का आरोप है। उन्हे हजरतगंज थाने में रखा गया है।

## पुरकाजी राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक में लगी आग से 22 लाख का माल जलकर राख

पुरकाजी, 27 अगस्त ( बु. )। पुरकाजी बाईपास पर एक ट्रक का पहिया निकलने से ट्रक में आग लग गयी, जिसमें ट्रक जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर आग बुझाई। ट्रक चालक संदीप कुमार निवासी जेवरा थाना पुरानी छावनी ग्वालियर मध्य प्रदेश अपने ट्रक संख्यां एमपी 07 एचबी 7210 में साबुन दाना केमिकल लेकर हरिद्वार से मेरठ की ओर जा रहा था। पुरकाजी बाईपास पर शुक्रवार सवेरे तीन बजे ट्रक का पहियां निकलने से ट्रक डिवाइडर से टकरा गया और ट्रक में आग लग गई। ट्रक कुछ ही समय में धू–धू कर जलने लगा। ट्रक चालक व क्लीनर ने बमुश्किल ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दी। जिस पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाई। मगर जब तक आग बुझ पाई ट्रक जलकर राख हो गया। बताया गया कि ट्रक में तकरीबन 22 लाख रुपए का माल भरा हुआ था, जो सब जलकर राख हो गया। ट्रक चालक ने थाने पर इत्तफाकिया दर्ज कराई है।


काल्पनिक फोटो

## काबुल विस्फोट में मृतक लोगों की संख्या बढ़कर 170 तक पहुंची

काबुल, 27 अगस्त ( वार्ता ) अफगानिस्तान की राजधानी काबुल स्थित हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर गुरुवार शाम हुए दो आत्मघाती विस्फोटों में 13 अमेरिकी सैनिकों समेत मरने वालों की संख्या बढ़कर 170 हो गयी है तथा 1330 लोग घायल हैं। रिपोर्टों में शुक्रवार को बताया गया कि हवाई अड्डे के बाहर हुए विस्फोटों में घायल हुए लोगों को विभिन्न स्थानों पर भर्ती कराया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, ''हम तुम्हें मार गिरायेंगे और तुम्हें इसका परिणाम भुगताना होगा।'' श्री बाइडेन ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी सेना से उन विस्फोटों का जवाब देने के विकल्प मांगे हैं, जो कथित तौर पर अफगानिस्तान में सक्रिय इस्लामिक स्टेट ( आईएस ) के सहयोगियों द्वारा किया गया था। इस्लामिक स्टेट ( आईएसआईएसके ) ने गुरुवार को अपने टेलीग्राम अकाउंट पर हुए घातक आत्मघाती बम धमाकों की जिम्मेदारी ली थी। आईएसआईएस ने आत्मघाती हमलावर की पहचान अब्दुलरहमान अल–लोगरी के रूप में की है और कहा है कि जब उसने आत्मघाती जैकेट में विस्फोट किया तो वह अमेरिकी सैनिकों से पांच मीटर से भी कम दूरी पर था। भारत सहित दुनिया के कई देशों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि इन हमलों ने आतंकवाद और आतंकवादियों को शरण देने वाले सभी लोगों के खिलाफ दुनिया को एकजुट होने की आवश्यकता को मजबूत किया है। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, लोग अभी भी युद्धग्रस्त देश को छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं और हवाई अड्डे के क्षेत्र में उमड़ पड़े हैं। लोगों को निकालने को काम युद्ध स्तर पर जारी है।



## 50 हजार के लिये दोस्त को कत्ल करने वाले दो आरोपियों को उम्रकैद

मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त ( बु. )। 50 हजार रुपये हड़पने के लिये दोस्त को उसकी बहन के घर से बुलाकर मौत के घाट उतारने के दो आरोपियों अदालत ने उम्रकैद व 6-6 हजार रुपयों के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई एडीजे 11 शाकिर हसन की कोर्ट में हुई। अभियोजन की ओर से एडीजीसी कमलकान्त ने पैरवी कर वादी सहित 7 गवाह पेश किए। अभियोजन पक्ष के अनुसार मृतक शहजाद अपनी बहन के पास गांव राज्जोपुर में रह रहा था। मृतक के भाई वादी जहीर निवासी बागोवाली ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी फैजान व साजिद शहजाद को उसकी बहन के पास से बुलाकर ले गए और शहजाद अपने साथ 50 हजार रुपये भी ले गया था। उसके बाद वह घर नहीं लौटा। उसका शव छपार क्षेत्र में मिला था, जिस को लावारिस में दफना दिया गया था। फैजान शहजाद के पास बैठता था 50 हजार रुपये हड़पने के लिए शहजाद की हत्या की गई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। यह मुकदमा एडीजे 11 शाकिर हसन की कोर्ट में विचाराधीन था।

## मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपी को 3 वर्ष की कैद

मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त ( बु. )। पुलिस द्वारा मुठभेड़ में अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार किये गए आरोपी को अदालत ने 3 वर्ष की कैद व दो हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। पुलिस के अनुसार 10 जून 2018 को थाना बुढ़ाना पुलिस ने मुठभेड़ में राजेंद्र को अवैध शस्त्र सहित दबोचा था। इस मामले में कोर्ट ने शस्त्र अधिनियम के तहत आरोपी को 3 वर्ष की सजा व दो हजार रुपये का जुर्माना किया है। मामले की सुनवाई एडीजे 13 शक्ति सिंह की कोर्ट में हुई।

## वरिष्ठ भाजपाईयों व उद्योगपतियों के बीच पहुंचे गन्ना मंत्री



मुजफ्फरनगर, २७ अगस्त (बु.)। शुक्रवार को दिन निकलते ही एकाएक गन्ना मंत्री सुरेश राणा के जनपद में आगमन की सूचना मिली। सर्वप्रथम गन्ना मंत्री गेस्ट हाऊस पर पहुंचे, जहां जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला और भाजपा नेता अंचित मित्तल ने उनका अभिवादन किया। गन्ना मंत्री सुरेश राणा वरिष्ठ भाजपाईयों व उद्योगपतियों के बीच भी पहुंचे। जहां उन्होंने शिष्टाचारी भेंट के साथ–साथ चाय का आनंद भी लिया। चाय की चुस्कियां लेते हुए उन्होंने अपने पुराने दिनों को भी याद किया और अपने पुराने परिचित यशपाल पंवार के घर स्वयं पहुंचकर उन्हें सम्मान दिया। इस मौके पर मीडिया से मुखातिब होते हुए गन्ना मंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों को गन्ने का सर्वाधिक भुगतान किया है। गन्ना मूल्य व गन्ना भुगतान की जो शिकायतें बसपा, सपा सरकार में किसानों को रही है, आज भाजपा ने उससे निजात दिला दी है। किसी भी किसान को भाजपा सरकार से किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं है। पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल से शिष्टाचारी भेंट करने के बाद गन्ना मंत्री पंजाबी समाज के लोगों के बीच पहुंचे और सुखदर्शन बेदी के घर पर भी शिष्टाचारिक भेंट कर कहा कि भाजपा में पंजाबी समाज का अहम योगदान है। पंजाबी समाज हमेशा से ही निस्वार्थ भाव से भाजपा को वोट करता आया है और वर्ष २०२२ के चुनाव में भी फिर एक बार पंजाबी समाज के सहयोग से भाजपा की सरकार बनती दिखाई देगी। भाजपा नेता सुखदर्शन बेदी के निवास पर बड़ी संख्या में भाजपाईयों का काफिला दिखाई दिया। सुखदर्शन बेदी, अमरजीत, सिड़ाना, रमेश खुराना आदि ने गन्ना मंत्री को गुरू महाराज की तस्वीर भेंट कर उनका सम्मान किया। पंजाबी समाज के साथ–साथ भाजपा के ही शाहपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी एवं सदर ब्लॉक प्रमुख अमित चौधरी का भी सॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए हाल ही में उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी के सदस्य बने सुखदर्शन बेदी ने कहा कि सबसे अच्छी बात यह है कि भाजपा सर्वसमाज की पार्टी है, इसमें सभी वर्गो त्यागी, गुर्जर, जाट, ब्राह्मण, सैनी, पाल, बाल्मीकी, वैश्य, पंजाबी आदि सभी को समान भाव से सम्मान दिया जाता है। उनका कहना था कि गन्ना मंत्री का सम्मान अवश्य किया जायेगा और २०२२ में पंजाबी समाज भाजपा को जोरदार समर्थन देगा। इसी क्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार के निवास पर भी सैंकड़ों की संख्या में पुराने कार्यकर्ता गन्ना मंत्री से मिलने पहुंचे और संगठन पर चर्चा की। गन्ना मंत्री ने इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल पंवार को अपना बड़ा भाई बताते हुए कहा कि जिस स्वाभिमान के साथ यशपाल पंवार ने राजनीति की है, ऐसी राजनीति कर पाना प्रत्येक व्यक्ति के बस की बात नहीं है। इस मौके पर गन्ना मंत्री के साथ जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, ठाकुर प्रमोद पुण्डीर, अरविंद त्यागी शाहपुर ब्लॉक प्रमुख, सुरेश शर्मा, सह मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल, जिलामंत्री रेणू गर्ग, नई मण्डी मण्डल अध्यक्ष राजेश पाराशर, सत्यजीत पंवार, अर्ष सिंघल आईटी विभाग, राकेश वत्स आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में गन्ना मंत्री उद्योगपतियों के बीच भी पहुंचे। राकेश बिन्दल के निवास पर पहुंचे और यहां उन्होंने दर्जनों उद्योगपतियों से उद्योगों व सरकार पर अपनी चर्चा की और उद्योगपतियों को आश्वासन दिया कि सरकार उद्योगपतियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए लगातार प्रयासरत है और आने वाले समय में और अधिक प्रयासरत रहेगी।

## कृष्ण जन्माष्टमी पर्व के चलते अतिक्रमण में तीन दिन की राहत

मुजफ्फरनगर, २७ अगस्त (बु.)। तीन दिन जोर–शोर से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के बाद अब नगरपालिका प्रशासन राहत देने के मूड़ में दिख रहा है। इस बाबत जब पालिका प्रशासन से वार्ता की गयी तो उन्होंने कहा कि आज सैंकड़ों व्यापारियों ने अनुरोध किया है कि अब अतिक्रमण हटाओ अभियान तीन दिन बाद चलाया जाये और उसका कारण जन्माष्टमी पर्व बताया गया। हालांकि पहले दिन से ही व्यापारियों के बीच यह हलचल उठती दिखी थी कि अतिक्रमण हटाओ अभियान जन्माष्टमी के पर्व के बाद ही चलाना चाहिए था, क्योंकि इस दौरान विभिन्न प्रकार के व्यापारी अस्थाई ठिये लगाकर धार्मिक वस्त्र के साथ– साथ बांसुरी, मुकुट आदि बेचने का कार्य करते हैं। किसी छोटे व्यापारी का नुकसान न हो, इसके चलते अभी अतिक्रमण हटाने में राहत दे दी गयी है, मगर जिले का प्रशासन अभी अतिक्रमण में पूरी तरह ढील देने के मूड में नहीं है, क्योंकि तीन दिन चली कार्यवाही के बाद कर अधीक्षक आरडी पौडवाल के द्वारा गोल मार्किट के १४ दुकानदारों को नोटिस थमा दिया गया है। ये वो दुकानदार हैं जो गोल मार्किट के बरामदों में बाहर माल सजाकर दुकानदारी करते हैं और अपने व्यवसाय को चार चांद लगाते हैं। सम्भवतः नगर पालिका का उद्देश्य उनसे जुर्माना वसूलने का है। ऐसी ही तैयारी शहर कोतवाली के बाहर स्थित शिव मार्किट व जिला परिषद के बाजार स्थित मार्किट में की जा रही है। जिला परिषद की मार्किट का भी गोल मार्किट जैसा ही हाल है, यहां भी दुकानदार खुलकर बरामदों पर जमकर कब्जा किये हुए हैं, जिससे १० फुट की दुकान २० फुट से भी अधिक का काम करती है। जिला परिषद बाजार के बाहर की मार्किट पर भी नगर पालिका जुर्माने की कार्यवाही जल्द ही करती दिखाई देगी। सिर्फ कोतवाली के बाहर स्थित शिव मार्किट के दुकानदारों ने अभी नोटिस लेने से इंकार किया है। उनका कहना है कि वे तो पहले से ही मार्किट का लैंटर गिर जाने से पिछले डेढ़ माह से परेशान हैं और ऊपर से नगरपालिका यदि उनके बरामदे से सामान हटवाती है, तो रही सही कसर पूरी हो जाएगी और पहले से ही बेरोजगार दुकानदार सड़क पर फड़ लगाने को मजबूर हो जाएंगे। कुल मिलाकर अब उक्त सब निर्णय तीन दिन बाद जिला प्रशासन व नगर पालिका मिलकर लेगा कि उक्त सभी मार्किटों पर जुर्माने की कार्यवाही के बाद ही मामले को शान्त कर दिया जायेगा या फिर स्थाई रूप से उक्त अतिक्रमण को हटवाया जायेगा।

## क्रूरता करने से गाय की मौत, बजरंगदल ने दी तहरीर

मुजफ्फरनगर, 27 अगस्त ( बु. )। शुक्रवार को बजरंगदल नेता विकास अग्रवाल को सूचना मिली कि कृष्णापुरी में नदी किनारे जंगलों में एक गाय को किसी ने उसके पैर तोड़कर बन्दी बना रखा है। स्थानीय लोगों ने उसे मुक्त कराया। वहां पहुंचे विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गाय को उपचार दिलाने का प्रयास किया, लेकिन उपचार से पहले ही गाय की मौत हो गई। विहिप व बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जेसीबी बुलाई और गाय का अंतिम संस्कार किया। आरोप है कि गाय को वहीं का रहने वाले व्यक्ति कटान के लिए लाया था। उस व्यक्ति के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी गई है। इस दौरान अमरदीप बंसल प्रखंड अध्यक्ष, सन्नी गर्ग, राहुल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



